No. of Printed Pages : 4

एफ.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

31175

दिसम्बर, 2017

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए :

1. उच्चरित और लिखित भाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *10*

अथवा

प्रभावी लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

2. आख्यानपरक लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । *10*

अथवा

'एकलव्य के नोट्स' का विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

3. किसी समाचार-पत्र हेतु भारत और आस्ट्रेलिया के बीच हुए किसी एक टेस्ट मैच का समाचार तैयार कीजिए । 5

अथवा

सर्जनात्मक लेखन की विशेषताएँ बताइए ।

4. भाव पल्लवन का आशय उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

जीवनी साहित्य की पाँच विशेषताएँ बताइए ।

5. 'डायरी' और 'आत्मकथा' के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

संवाद के किन्हीं दो रूपों का परिचय दीजिए ।

6. श्रव्य माध्यमों की भाषा पर विचार कीजिए । 5

अथवा

एक अर्ध-सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए ।

खण्ड ग

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए : *5×1=5*

(क) रचना में प्रस्तावना का महत्त्व बताइए ।

(ख) साक्षात्कार को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'प्लाट' से क्या अभिप्राय है ?

(घ) कहानी और उपन्यास में कोई एक अंतर बताइए ।

(ङ) प्रोक्ति का अर्थ क्या है ?

खण्ड घ

8. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : *5×1=5*

(क) प्रेमचंद की रचना है

(अ) पाज़ेब

(ब) शरणदाता

(स) शतरंज के खिलाड़ी

(द) दाज्यू

(ख) आपके पाठ्यक्रम में राहुल सांकृत्यायन की किस विधा की रचना संकलित है ?

(अ) जीवनी

(ब) यात्रा-वृत्तांत

(स) उपन्यास

(द) रिपोर्ताज

(ग) बैठक का कार्यवृत्त तैयार करता है

(अ) अध्यक्ष

(ब) उपाध्यक्ष

(स) कोषाध्यक्ष

(द) सदस्य सचिव

(घ) मौखिक सम्प्रेषण में शामिल है

(अ) बोलना

(ब) मौन रहना

(स) लिखना

(द) भागना

(ङ) 'रिपोर्ताज' शब्द को किस भाषा से हिन्दी में ग्रहण किया गया है ?

(अ) रूसी

(ब) फ्रेंच

(स) अंग्रेज़ी

(द) तमिल